<u>समाचार</u>

# <u>निगम के '' फेस आफ द मंथ '' चुने गए अजय , नितिन व अजीत</u>

## <u>(उत्कृष्ट कार्यो हेतु निगम के छोटे कर्मचारी हो रहे सम्मानित)</u>




कोरबा 09 मई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक ग्रेड–।।। नितिन शर्मा एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अजीत कुमार परमहंश को मई माह का '' फेस आफ द मंथ '' चुना गया है। महापौर व निगम आयुक्त ने इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि आज से 04 माह पूर्व निगम आयुक्त की विशेष पहल पर  निगम का '' फेस आफ द मंथ '' चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक ग्रेड–।।। नितिन शर्मा एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अजीत कुमार परमहंश मई माह हेतु निगम का '' फेस आफ द मंथ '' चुना गया है।

**<u>समिति करती है फेस आफ द मंथ का चयन</u>** – आयुक्त ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने हेतु समिति का गठन किया है। अपर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता (योजना), उपायुक्त (स्थापना प्रभारी), राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व अध्यक्ष महिला उत्पीडन, उन्मूलन समिति सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं, यह समिति निगम में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यो का आंकलन करते हुए माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 कर्मचारियों का चयन '' फेस आफ द मंथ '' के रूप में कर रही है।

**कर्मचारियों को मिल रहा अच्छे कार्य हेतु प्रोत्साहन** – निगम आयुक्त की इस पहल से निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेषकर छोटे कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है तथा उनके बीच अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, वहीं जिन कर्मचारियों को '' फेस आफ द मंथ '' चुना जाता है, वे अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, उन्हें भविष्य में और अधिक अच्छा कार्य करने, कार्यो में उत्कृष्ट परिणाम देने की प्रेरणा मिल रही है।